तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 19 मई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर झाल में तिरंगा यात्रा निकाली




10 दो दर्जन गांव में छलका धान का कटोरा, जिले में ...



## खबर संक्षेप

### आरक्षक ने लगाई फांसी

**भिलाई।** साइटिका बीमारी से परेशान आरपीएफ की महिला आरक्षक रमा ध्रुव ने अपने किराए के मकान में फांसी लगातर आत्महत्या कर ली। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मृतका दुर्ग आरपीएफ में पदस्थ है। वह साइटिका नामक बीमारी से जूझ रही थी। थाना प्रभारी केशव कोसले के मुताबिक मृतका मूलतः बिलासपुर जिले के पाली की रहने वाली है।

### 14 पुलिस कर्मियों को लाइन अटैच

**भिलाई।** जिले में कानून व्यवस्था बेहतर करने के लिए एसएसपी विजय अग्रवाल ने तीन एएसआई, दो हवलदार समेत 14 पुलिस कर्मियों को लाइन अटैच किया है। जिसमें एसीसीयू सउनि पूर्ण बहादुर, भिलाई नगर शमित मिश्रा, ट्रैफिक विनोद सिंह, हवलदार सुपेला जसपाल सिंह, एसीसीयू चंद्रशेखर वंजीर और आरक्षको में एसीसीयू अनूप शर्मा, संतोष गुप्ता,पन्ने लाल,विक्रांत यदु, शहबाज खान नेवई शमिम खान, छावनी अमित दुबे ,बोरी जुनैद सिद्धीकी, खुर्रम बक्श को पुलिस लाइन अटैच किया गया है। बताया जा रहा है कि जिले के कुछ और थानेदारों पर गाज गिरने वाली है।

### विवाद के बाद दोस्त को मौत के घाट उतारा, आरोपी को आजीवन कारावास

**दुर्ग।** नशे की हालत में उपजे विवाद के बाद दोस्त पर टंगिया से वार कर मौत के घाट उतारने वाले आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावस से दंडित किया। न्यायाधीश दीपक कुमार कोशले के न्यायालय से यह फैसला आया। कोर्ट ने 100 रुपए का अर्थदंड भी लगाया। राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। शासन की तरफ से मामले में पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजकक नंदिनी चंद्रवंशी ने की। प्रकरण के मुताबिक घटना 10 मई 2023 की सुबह करीब 8 बजे की बताई गई है। इससे पहले 9 मई की रात मृतक निखिल उर्फ गुल्लू बंजारे और आरोपी मुकेश पिता मेहतरू मिर्ची मुर्गा सब्जी बनाकर गांव के मंगल भवन में बैठकर नशा कर रहे थे। रात करीब 8 से 9 बजे के बीच दोनों में किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। तभी मुकेश मिर्ची ने उसके पुत्र निखिल बंजारे का मोबाइल फोन जमीन पर पटक दिया। दोनों में विवाद बढ़ गया। इस बीच निखिल के पिता और प्रार्थी उत्तम बंजारे के समझाने पर दोनों अपने-अपने घर चले गए। निखिल घर में आकर सो गया। 10 मई की सुबह करीबन 7.30 बजे निखिल घर से घूमने के लिए मानसिंह सतनामी के किराना दुकान गली तरफ गया। मुकेश मिर्ची ने हाथ में टंगिया पकड़कर निखिल को मार रहा था। मुकेश मिर्ची पास में पड़े पत्थर से निखिल पर वार किया। बाद में निखिल की मौत हो गई।

# राशन के नाम पर लाखों की लूट : सुरहोली की सहकारी समिति में गबन का पर्दाफाश

## एसडीएम ने दिए वसूली के आदेश, जिलेभर में पीडीएस पर उठे सवाल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

- ग्रामीणों ने बोला – हम पर्ची लिए खड़े रहे, दुकान बंद रही, अधिकारियों ने आंखें मूंद लीं

गरीबों तक सस्ती दर पर राशन पहुंचाने के लिए बनी सरकारी योजना अब कुछ समितियों के लिए कमाई का जरिया बन गई है। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल के गृह जिले के तहसील भिंभौरी के ग्राम सुरहोली में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में राशन के गबन का मामला उजागर होने के बाद पूरे जिले में हड़कंप मच गया है। सुरहोली में संचालित खाद्य सुरक्षा, पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति पर आरोप है कि उसने 7,72,484.63 रुपये की राशन सामग्री का गबन किया। ग्रामीणों की शिकायत पर की गई जांच में यह साबित भी हो गया। दुकान के स्टॉक रजिस्टर और गोदाम में रखे अनाज में बड़ा अंतर पाया गया। समिति अध्यक्ष गुलशन चौहान और सचिव सरोजनी यादव द्वारा सरकारी अनाज की हेराफेरी की गई। ग्रामवासियों ने बताया कि महीने भर तक दुकान नहीं खुली। लोग पर्ची लेकर घंटों इंतजार करते रहे, लेकिन वितरण नहीं हुआ। जब कई बार शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हुई, तो मामला सीधे एसडीएम बेरला के संज्ञान में लाया गया। एसडीएम ने खाद्य निरीक्षक से जांच कराई, जिसमें समिति द्वारा स्टॉक का गबन कर वितरण दिखाया जाना सिद्ध हुआ। ▶▶| शेष पेज 11 पर

### कहीं रुक न जाए कार्रवाई

ऐसे मामलों में अक्सर देखा गया है कि शुरुआती कार्रवाई के बाद मामला धीमा पड़ जाता है और दोषी बच निकलते हैं। लेकिन सुरहोली के मामले ने एक मिसाल कायम की है, जिसे प्रशासन को जिलेभर में दोहराने की ज़रूरत है।


अनुविभागीय अधिकारी(रा.) अनुविभाग बेरला, जिला – बेमेतरा (छ.ग.)

### जनता की मांग - जिलेभर में हो ऑडिट और दोषियों की गिरफ्तारी हो

ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि सिर्फ सुरहोली ही नहीं, बल्कि जिले की सभी सहकारी समितियों का स्वतंत्र ऑडिट कराया जाए। दोषी पाए जाने पर सिर्फ वसूली नहीं, बल्कि एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए।

### सिर्फ सुरहोली नहीं, पूरे जिले में यही हाल

सुरहोली कोई अपवाद नहीं है। जिले के कई गांवों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि राशन दुकानें समय पर नहीं खुलतीं, वितरण में गड़बड़ी होती है और हितग्राहियों से रिश्वत तक मांगी जाती है। साजा, नवागढ़, देवरबीजा और बेमेतरा ब्लॉक में ऐसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। लेकिन कार्रवाई के नाम पर फाइलें दबा दी जाती हैं या जांच को लटका दिया जाता है।

## आरोपी हिरासत से भागा, पुलिस की लापरवाही पर सर्व समाज में आक्रोश

# 3 माह बाद भी सोनपुरी की मासूम बच्ची को नहीं मिला न्याय, कल चौकी घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

- दुष्कर्म के प्रयास के बाद बच्ची की हत्या कर दी गई थी

सोनपुरी की 11 वर्षीय मासूम बालिका की हत्या को तीन महीने हो गए हैं, लेकिन अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। 16 फरवरी को दुष्कर्म के प्रयास के बाद बच्ची की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया था, जो बाद में अभिरक्षा से फरार हो गया। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में जनआक्रोश फैल गया है। प्रशासन की निष्क्रियता के खिलाफ अब सर्व समाज ने मोर्चा खोल दिया है और कल मंगलवार 20 मई को सम्बलपुर चौकी का घेराव किए जाने का ऐलान किया गया है ।

'अब चुप नहीं बैठेंगे', बोले समाज के लोग सामाजिक प्रतिनिधि ईश्वर सिंह लोधी ने कहा कि यह केवल एक परिवार की नहीं, पूरे समाज की लड़ाई है। बेटियों की सुरक्षा को लेकर अब समझौता नहीं किया जाएगा। 20 मई को शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर प्रशासन को चेताया जाएगा कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## आशीष छाबड़ा ने कानून व्यवस्था की विफलता बताते हुए राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया



### पीड़ित परिवार ने लगाई न्याय की गुहार

मासूम की मां का कहना है,"हमारी बच्ची को मार डाला गया और अब आरोपी खुलेआम घूम रहा है। हमें इंसाफ चाहिए, न कि आश्वासन। परिवार का दर्द सुन ग्रामीण भी आक्रोशित हैं और प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं।

### पुलिस पर गंभीर आरोप

ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही से आरोपी फरार हुआ। कई लोगों का कहना है कि यदि शुरुआत से गंभीरता बरती जाती तो आरोपी आज जेल में होता, न कि फरार। प्रशासन की चुप्पी ने लोगों के बीच अविश्वास की भावना को जन्म दिया है।

### कांग्रेस का समर्थन, सरकार पर साधा निशाना

इस आंदोलन को अब राजनीतिक समर्थन भी मिलने लगा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने इस आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि एक मासूम बच्ची की हत्या के बाद भी पुलिस आरोपी को नहीं पकड़ सकी। आरोपी का हिरासत से फरार होना प्रशासन की गंभीर विफलता है। कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ है और चौकी घेराव में समाज के साथ खड़ी रहेगी। कांग्रेस नेताओं ने इसे कानून व्यवस्था की विफलता बताते हुए राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया है।

# टायर फटने से स्टेट हाईवे पर केला लदा अनियंत्रित वाहन पलटा, जनहानि नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

बेमेतरा-मुंगेली स्टेट हाइवे की खराब सड़कें और तेज रफ्तार वाहन चालक यहां की जनता के लिए लगातार खतरा बने हुए हैं। शनिवार शाम करीब 6 बजे नवागढ़-मुंगेली मार्ग के गाडमोर-नवलपुर मोड़ के पास एक सफेद रंग की माजदा वाहन के टायर फटने से वह अनियंत्रित होकर सड़क के बीचों-बीच पलट गई। वाहन में पडकीडीह अंधियारखोर केलाबाड़ी से कच्चे केले लदे हुए थे, जो कोरबा भेजे जा रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वाहन तेज रफ्तार में नवागढ़ की ओर आ रहा था। मोड़ के पास अचानक टायर फटने की तेज आवाज सुनाई दी, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया। वाहन के पलटते ही उसमें लदे कच्चे केले चारों ओर बिखर गए। इस कारण मौके पर अफरातफरी मच गई। हालांकि चालक और हेल्पर सुरक्षित बाहर निकले।

### जाम और राहत कार्य

इस हादसे के कारण सड़क पर करीब 30 मिनट तक जाम की स्थिति बनी रही। नवागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से पलटी हुई गाड़ी को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू किया। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अलील चंद ने बताया कि पुराने टायर और तेज रफ्तार दुर्घटना के मुख्य कारण थे। उन्होंने वाहन चालकों से आग्रह किया कि वे नियमित रूप से अपने वाहनों की जांच कराएं और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें।

### सड़क की खराब स्थिति और बढ़ती दुर्घटनाएं

स्थानीय लोग बेमेतरा-मुंगेली स्टेट हाइवे की खराब सड़क स्थिति से बेहद परेशान हैं। सड़कों पर गहरे गड्ढे, टूटी सड़कें और अपर्याप्त सुरक्षा संकेत यात्रियों और वाहन चालकों की जान के लिए बड़ा खतरा बन गए हैं। तेज रफ्तार के साथ-साथ सड़क की यह खराब स्थिति दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभा रही है। स्थानीय प्रशासन से कई बार सड़क की मरम्मत और सुरक्षा उपायों की मांग की जा चुकी है, लेकिन अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पुलिस भी इस समस्या से अवगत है और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहन चालकों को सतर्क करती रहती है।

### थाना प्रभारी का संदेश

अलील चंद ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहन चालकों को तेज रफ्तार से बचना चाहिए, समय-समय पर वाहन की जांच करानी चाहिए और सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। साथ ही प्रशासन को भी खतरनाक मोड़ों पर सुरक्षा इंतजाम और सड़क की मरम्मत पर विशेष ध्यान देना होगा।

### स्थानीय लोगों की चिंता

स्थानीय लोग चाहते हैं कि प्रशासन जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत और सुरक्षा उपाय करे ताकि भविष्य में हादसे कम हों और लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि इस मार्ग की बदहाली को लेकर समय रहते कदम न उठाए गए तो बड़ी दुर्घटना होने का खतरा बना रहेगा।

### सीबीएसई की दसवीं में वेदांत ने बाजी मारी



**थान खम्हरिया।** नगर के प्रतिष्ठित नागरीक बलदेव जोशी के पौंत्र वेदांत जोशी जो कि एकेडमी स्कूल विद्यालय मे अध्यनरत्न है ।जिन्होंने कक्षा दसवीं सीबीएसई बोर्ड में 75.8त्न अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर का नाम रौशन किया है। उनकी इस उपलब्धि के लिए जोशी परिवार के सभी सदस्यों मित्र गणों ने उन्हें बधाई प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है । वार्ड क्रमांक 10 के वेदांत जोशी पूर्व पार्षद लीलावती बलदेव जोशी के पौत्र एवं भाजपा नेता वीरेन्द्र जोशी के भतीजे है वे शुरू से मेघावी छात्र रहे है अच्छे अंक से सफलता प्राप्त करने पर ईष्ट मित्र सहित जनप्रतिनिधियो ने वेदांत को बधाई दी है।

# किशोर न्याय अधिनियम पर हुई कार्यशाला में संशोधित अधिनियम के क्रियान्वयन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- अपचारी नहीं, भविष्य के नागरिक हैं ये बच्चे, बेमेतरा में किशोर न्याय पर सार्थक पहल

रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 के प्रभावी क्रियान्वयन पर कार्यशाला आयोजन किया गया । कार्यशाला में बाल अधिकारों की रक्षा हेतु सामूहिक भागीदारी पर बल देते हुए कहा गया कि बाल संरक्षण कोई विकल्प नहीं, बल्कि हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

कार्यशाला में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, बाल संरक्षण सदस्य प्रफुल शर्मा, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य शेषनारायण मिश्रा,मनीष तिवारी, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू ,जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रबेश सिंह सिसोदिया, जिला महिला बाल विकास अधिकारी सी.पी. शर्मा एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी व्योम श्रीवास्तव सहित जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी सहित जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, नवा बिहान, मिशन शक्ति, सखी वन स्टाप सेंटर के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थित थे ।कार्य शाला का आयोजन जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा किया गया । कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने दीप प्रज्वलित कर इस कार्यशाला का शुभारंभ किया ।




कलेक्टर शर्मा ने कहा कि किशोर न्याय अधिनियम न केवल एक कानूनी दस्तावेज है, बल्कि यह हमारे समाज की उस संवेदनशील सोच का प्रतीक है, जो बालकों के अधिकारों, उनके संरक्षण और पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि "हमें अपचारी बच्चों को अपराधी नहीं, बल्कि सुधार और स्नेह की आवश्यकता वाले बालक के रूप में देखना चाहिए।उन्होंने स्पष्ट किया कि लघु एवं गंभीर अपराधों के मामलों में बच्चों पर बिना सोचे समझे एफआईआर दर्ज करना, उनके जीवन को पूरी तरह बदल सकता है। इसके स्थान पर हमें संवेदनशीलता, परामर्श और पुनर्वास के माध्यम से न्याय देना होगा।कलेक्टर ▶▶| शेष पेज 11 पर

## शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों से समर्थन मांगा

# एक राष्ट्र-एक चुनाव की मांग पर भाजपा ने किया जनसंपर्क व राष्ट्रपति को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर के नागरिकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा को लागू करने की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति को पत्र लिखा है। रविवार को शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में नागरिकों ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर समर्थन जताया और राष्ट्रपति का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। इस अभियान में डॉक्टर, वकील, व्यापारी और आम लोग शामिल हुए।

डॉक्टर सुभाष चौबे ने कहा कि एक जागरूक नागरिक के नाते मैं 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के पक्ष में हूं और इसे लागू करने के लिए राष्ट्रपति को पत्र भेजा है। भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि बार-बार चुनाव होने से आचार संहिता लागू होती है, जिससे विकास कार्य बाधित होते हैं। उन्होंने बताया कि 2019 तक हर साल औसतन 5 से 7 चुनाव होते रहे हैं, जिनमें भारी संसाधनों की खपत होती है। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने कहा कि बार-बार चुनाव से सरकारी मशीनरी पर दबाव बढ़ता है और शिक्षक, पुलिसकर्मी, सरकारी कर्मचारी बार-बार चुनावी ड्यूटी में लगते हैं, जिससे उनकी मूल सेवाएं प्रभावित होती हैं।



### चुनाव खर्च की राशि में होगी बचत

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि बार-बार चुनाव में करोड़ों रुपये खर्च होते हैं, जबकि एक साथ चुनाव होने से यह राशि देश के विकास में लगाई जा सकती है। डॉ. अविनाश तिवारी ने बताया कि 1952 से 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते थे। बाद में यह सिलसिला टूटा। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम और चुनाव आयोग भी इस विचार के पक्षधर रहे हैं। मंडल अध्यक्ष मोंटी मोतीलाल साहू ने कहा कि नीति आयोग की 2017 की रिपोर्ट के अनुसार एक साथ चुनाव होने से देश की जीडीपी में 15 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी समिति ने इस पर गहन अध्ययन किया है। व्यापारी निलेश सलूजा ने भी इस अभियान में भाग लिया और राष्ट्रपति को भेजे पत्र में इस व्यवस्था को लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी। पत्र भेजने वालों में राकेश मोहन शर्मा, युगल देवांगन, पचू साहू, नीतू कोठारी, विकास तंबोली, निशा चौबे, केशव साहू, ओमेश्वरी साहू, रीना साहू, धर्मेन्द्र साहू, दोहई वर्मा, गौरव साहू सहित कई नागरिक शामिल थे।

# डेढ़ साल से नहीं हुआ राशन दुकानों में सप्लाई करने वाली एजेंसियों का ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पीडीएस में कालाबाजारी का खेल, फिर भी चल रहा काम

जिले में नागरिक आपूर्ति निगम में डेढ़ साल से राशन दुकानों में अनाज की सप्लाई करने वाली ठेका एजेंसी का चयन नहीं हुआ है। वैकल्पिक इंतजाम के भरोसा एवं साठगांठ चलते पुरानी एजेंसी से ही काम लिया जा रहा है, इसके चलते पीडीएस में कालाबाजारी का खेल शुरू हो गया है। पुरानी ठेका एजेंसी की सेटिंग के चलते पुराने ढरें में काम चल रहा है। जिले में 396 राशन दुकान संचालित हैं। इन दुकानों में पीडीएस चावल की कालाबाजारी हो रही है। सूत्रों की मानें तो सरकार ▶▶| शेष पेज 11 पर



### ब्रोकन के कारण राशन दुकानों से हो रही चावल की खरीदी

जानकारी के मुताबिक मिलर्स को शासन की गाइडलाइन के अनुरूप प्रति क्विंटल धान में करीब 70 किलो चावल जमा करना होता है, लेकिन मिल में एक क्विंटल के एवज में इतना प्रोडक्शन ही नहीं हो पाता। इसके कारण औसतन 63 किलो तक चावल निकलता है, बाकी ब्रोकन में कटिंग हो जाता है। इस प्रकार इस बीच के डिफरेंस को एडजेस्ट करने के लिए मिलर्स कोचियों से सेटिंग कर राशन दुकान से ही पीडीएस का चावल खरीदते हैं। उसे फिर से रिसाइकिल कर नागरिक आपूर्ति निगम में जमा करा देते हैं। यह खेल लंबे समय से चल रहा है, अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# आय से अधिक संपत्ति की होगी जांच, फिर से खुलेगी भ्रष्टाचार की फाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

अंजोरा स्थित दाउ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विवि के विवादित परिविक्षाधीन सहायक अभियंता उल्लास अरविंद देशमुख के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच के निर्देश दिए जाने से हडकंप की स्थिति निर्मित हो गई है। यही नहीं इंजीनियर के पूर्व घोटाले की जांच के लिए भी राज्य शासन द्वारा जांच टीम गठित किए गए है। ऐसा माना जा रहा है कि, अब इस मामले में दोतरफा जांच के बाद बडी कार्यवाही हो सकती हैं।

संबंधित इंजीनियर की नियम विरूध्द भर्ती और उनके द्वारा किए गए पूर्व में गडबडी शिकायत की गई थी। जिस पर विवि के कुल सचिव ने जांच टीम गठित कर दी है। जांच टीम में अध्यक्ष डां एसपी इंगोले, प्राध्यापक अंजोरा, सदस्य डां एसएल अली प्राध्यापक व ममता अवस्थी, वित्त अधिकारी होगें।

इन्हें कुलसचिव द्वारा जांच के बाद रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए है। उल्लेखनीय हैं कि, पिछले आठ साल के कार्यकाल में सहायक अभियंता उल्लास अरविंद देशमुख पर कई आरोप लगे है। जिसमे वे दोषी भी पाए गए थे। वर्ष 2016 के विवि भवन निर्माण में 29 करोड के भारी गड़बड़ी किया। जिसकी बकायदा हाईपावर कमेटी द्वारा गठित कर जांच कराई गई, जिसमें अफसर सहित अन्य दोष सिध्द भी हो चुके है। निविदाओं को पंजीकृत पोस्ट व स्पीड पोस्ट के बजाय मैनुअली आमंत्रित कर उसे ड्रॉप बॉक्स में डलवा कर अपने चहेते ठेकेदारों को (व्यक्तिगत) निविदा बांटी गई थी। इस मामले की शिकायत के बाद विश्वविद्यालय ने डॉ एसपी तिवारी अधिष्ठाता की अध्यक्षता में हाई पावर जांच समिति गठित की गई। कमेटी ने जांच में उक्त सहायक अभियंता देशमुख सहित पूर्व कुलपति यूके मिश्र, तत्कालीन कार्यपालन अभियंता संतोष अग्रवाल, तत्कालीन प्रभारी कार्यपालन अभियंता पीसी शर्मा को भी दोषी सिद्ध किया था। इन सभी ने मिलकर टेंडर नियमों में कूटरचना की थी। जांच अधिकारी रिटायर्ड हो गए, लेकिन दोषी अधिकारी वही के वहीं जमे है।

## सरकार बदलते ही जांच के निर्देश, आय से अधिक संपत्ति का मामला

### इस तरह के सामने आ चुके मामले

इंजीनियर के मामले में शिकायतकर्ता की गई थी। जिसमें टेंडर 2 से 3 प्रतिशत कम में अपने चहेते ठेकेदारों को सांठ-गांठ कर दिये गये। इस टेंडर से लगभग 18 प्रतिशत का शासन को नुकसान हुआ है। जो किं 5 करोड़ के लगभग है। शिकायतकर्ता के शिकायत और जांच के बीच अचानक निर्माण कार्य के मेजरमेंट बुक गायब हो गए। इसके लिए भी अलग से जांच कमेटी गठित की गई थी। विश्वविद्यालय द्वारा डॉ पीएल चौधरी की अध्यक्षता में 28 जून 2019 को करवाई गई, वही तकनीकि जांच में भी उक्त सहायक अभियंता दोषी सिद्ध हो चुके है।



### तीन सदस्यीय टीम करेगी जांच

विवि में आय से अधिक संपत्ति मामले की शिकायत के बाद विवि ने टीम गठित कर दी है। जांच टीम इंजीनियर के पूर्व कार्यकाल में किए गए भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच करेगी। इसके पूर्व कुलसचिव आरके सोनवाने रहे है। सूत्रों की माने तो उनके संरक्षण में ही जांच सिध्द होने के बाद भी कार्यवाही नही हुई थी। लेकिन उनके यहां से तबादला होने के बाद जांच होने की उम्मीद हैं।

## खबर संक्षेप

### शिविर महज दिखावाबाजी: धीरज बाकलीवाल



दुर्ग। नगर निगम के पूर्व महापौर व शहर के लोकप्रिय कांग्रेस नेता श्री धीरज बाकलीवाल ने सुशासन तिहार और समाधान शिविर को महज दिखावा बताया है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में खाली पड़ी कुर्सियाँ इस बात का संकेत हैं कि जनता को ऐसे आयोजनों पर कोई विश्वास नहीं है। निगम महापौर और आयुक्त को शहर के वास्तविक विकास की दिशा में कार्य करना चाहिए। श्री बाकलीवाल ने आगे कहा कि सुशासन तिहार में जमा होने वाले अधिकांश आवेदन बुनियादी समस्याओं से जुड़े होते हैं। कोई बिजली की समस्या से परेशान है, तो कोई पानी तथा सड़क-नाली के निर्माण की मांग कर रहा है। वर्तमान में नगर निगम के पास स्ट्रीट लाइट तक उपलब्ध नहीं हैं। पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए बोरिंग की सामग्री की खरीदी तक नहीं की गई है। सड़क और नाली निर्माण के लिए शासन से राशि नहीं आ रही है।उन्होंने कहा कि निगम महापौर का महासफाई अभियान अब तोड़फोड़ अभियान बनकर रह गया है। सफाई का काम पूरी तरह ठप है, लेकिन बिना योजना की तोड़फोड़ बेरोकटोक जारी है, जिससे शहर की जनता बेहद परेशान है।

### मोबाइल और बैग छिनकर फरार होने वाला आरोपी गिरफ्तार

भिलाई। राहगीरों से मोबाइल, बैग छिनकर फरार होने वाले युवक व तीन अपचारी बालकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 304(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि श्याम नगर केम्प-2 निवासी टेक प्रताप बंजारे ने जामुल पुलिस थाने में शिकायत किया था। 16 मई की रात बहन को लेकर शिवपुरी जामुल छोड़ने जा रहा था। इस दौरान एसीसी अंडर ब्रिज के आगे नहर रोड पर कुछ युवक खडे थे। युवकों ने धक्का देकर पीड़ित की बहन का बैग, मोबाईल झपट कर अपने साथ लेकर फरार हो गए। दूसरी वारदात उसी रात शिवपुरी जामुल निवासी गणेश राम निषाद के साथ हुआ था। पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए संदेहियों की तलाश में जुट गई। संदेही रूपेश भारती उर्फ तोता को पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर घटना को तीन अपचारी बालकों के साथ मिलकर घटना करना स्वीकार किया।

### मेयर ने कहा समस्याओं की गठरी न बांधे, तत्काल निराकरण करें

दुर्ग। महापौर अल्का बाघमार द्वारा लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर के साथ अधिकारियों एवं ठेकेदारों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों में प्रगति की समीक्षा की। महापौर श्रीमती बाघमार ने अधिकारियों वार्ड-वार कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाकर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी ठेकेदारों के भरोसे न रहकर स्वयं फील्ड का दौरा करें और कार्यों की प्रगति देखें। उन्होंने शासकीय काम-काज में आने वाली समस्याओं के त्वरित निराकरण पर जोर दिया। बैठक में कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,वीपी मिश्रा, राजकुमार, संजय ठाकुर, भवन अधिकारी गिरीश दीवान, विनोद मांझी,अपर्णा मिश्रा, प्रेरणा दुबे, करण यादव सहित अधिकारी, निगम के समस्त ठेकेदार मौजूद रहें।

## आनावारी रिपोर्ट : 28 गांव में शत-प्रतिशत धान की पैदावारी, पिछले साल से बेहतर

# दो दर्जन गांव में छलका धान का कटोरा, जिले में 80 फीसदी उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले में वर्ष 2024-25 में धान का उत्पादन बेहतर होने का आंकडा सामने आया है। जारी किए गए आनावारी रिपोर्ट के अनुसार खरीफ में धान की अच्छी पैदावारी रही हैं। जिले के 28 ग्रामों में सौ प्रतिशत से अधिक आनावारी दर्ज की गई, वहीं 430 ग्रामों में से 328 में आनावारी 80 प्रतिशत से अधिक रही।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि, फसल कटाई प्रयोग के आधार पर आनावारी रिपोर्ट तैयार की गई हैं। जानकारी के अनुसार जिले में कुल 448 ग्राम है, इनमें से 18 ग्राम फसल विहीन है। जहां कृषि नहीं होती हैं, वहीं शेष 430 ग्रामों में धान की फसल ली गई थी। जहां रेण्डमली कृषि भूमि वाले खसरे से ग्रामवार फसल कटाई प्रयोग लिए गए। फसल कटाई प्रयोग के आधार पर इन ग्रामों की आनावारी रिपार्ट तैयार की गई हैं।

## बेहतर मौसम से उत्पादन पर रहा लाभकारी प्रभाव से किसानों में उत्साह



### बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष जिले में हुई बेहतर उपज

आनावारी रिपोर्ट के अनुसार जिले में गत वर्ष के मुकाबले खरीफ 2024-25 में धान की फसल अच्छी रही हैं। गत वर्ष मात्र 15 ग्रामों में सौ प्रतिशत से अधिक आनावारी थी, जबकि इस बार 28 ग्रामों में शत प्रतिशत से अधिक आनावारी है। गत वर्ष ज्यादातर ग्रामो में 70 से 80 प्रतिशत आनावारी थी। इस बार ज्यादातर गांवों में 80 से 90 प्रतिशत तक आनावारी दर्ज की गई है।

### जिले में 3 फीसदी की हुई वृद्धि

इस बार 63 प्रतिशत से कम आनावरी कहीं नहीं है। पिछली बार बहुत से ग्रामों में 60 प्रतिशत से भी कम आनावारी थी। मतलब इस बार धान के उत्पादन में अच्छी खासी पैदावारी दर्ज की गई हैं। खरीफ 2024-25 मे 23 ग्रामों में 90 से 100 प्रतिशत आनावारी रही, वहीं 277 ग्रामों 80 से 89 प्रतिशत आनवारी दर्ज की गई। इसी प्रकार 91 ग्रामों में 70 से 79 एवं 11 ग्रामों में 63 से 69 प्रतिशत आनवारी रही।

### बघेरा गांव में 125 प्रतिशत आनावारी

शहरी बेल्ट की बात करे तो जिले में सबसे ज्यादा 125 प्रतिशत आनावारी ग्राम बघेरा में रही, वहीं सबसे कम जंजगिरी एवं अरमरीखुर्द में रही। इन दोनो ग्रामों 63-63 प्रतिशत आनावारी रही। ये है फसल विहीन ग्राम जहां कृषि नहीं होती फसल विहीन 28 ग्रामों में 11 बीएसपी अर्जित ग्राम है। इनमें दुर्ग तहसील के ग्राम खुर्सीपार, हिंगना, बोरया, सोढ़, नेवई, मरौदा, कोटरा भाठा, जोरातराई, नवागांव, बावली एवं भिलाई 3 तहसील के ग्राम पुरैना शामिल है। इसी प्रकार दुर्ग तहसील के 7 ग्राम ऐसे है, जो पूर्णतया शहरी ग्राम होने से कृषि नहीं होती। इनमें दुर्ग तहसील के ग्राम तितुरडीह, हथखोज, छावनी, आमदी, कोसा, रुआबांधा एवं सुपेला शामिल है।

# उरला में जनप्रतिनिधि और वार्डवासी भिड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शहर के उरला वार्ड में कचरा प्लांट हो लेकर शनिवार को भी गहमागमी की स्थिति निर्मित रही। शनिवार को निरिक्षण करने महापौर सहित एमआईसी सदस्य वार्ड पहुंचे थे।

■ सुबह वार्ड में बैठक के बाद निकाला गया रास्ता

जहां तनाव के बाद वार्डवासियों को यह समझाया गया कि, वार्ड से दूर सरकारी जमीन पर प्लांट लगाया जाएगा। जिसके बाद मामला शांत हुआ।

एक दिन पहले शुक्रवार को वार्डवासी कचरा फेंकने और प्लांट लगाने के विरोध में नगरनिगम पहुंच गए थे। यहां वार्डवासियों के प्रदर्शन के बाद महापौर अल्का बाघमार के साथ उनकी बैठक भी हुई थी। बैठक में तय किया गया है कि, मौके पर वार्डवासियों को प्लाट लगने वाले जमीन की जानकार दी जाएगी। जिसके तहत महापौर और सभापति श्याम शर्मा सहित एमआईसी मेंबर वार्ड पहुंचे थे। सुबह महापौर वार्डवासियों से बैठक कर रही थी।

जहां बीच-बीच में तनाव की स्थिति भी निर्मित हुई। एमआईसी सदस्यों के बात करने का रौब देखकर वार्डवासी में भी आक्रोश की स्थिति निर्मित गई थी। इस दौरान श्याम शर्मा, नरेन्द्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर सहित अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे थे।

### जनप्रतिनिधियों से विवाद का वीडियो वायरल

उरला में महापौर अल्का बाघमार, सभापति श्याम शर्मा सहित अन्य एमआईसी सदस्यों के तनावपूर्ण बातचीत का वीडियों भी सोशल मिडियो में जमकर वाइरल हो रहा है। जिसमें सभापति बेहद आक्रमख रूप से वार्डवासियों से बात कर रहे थे। उरला वार्ड में शनिवार को हुई घटना दिनभर चर्चा का विषय बना रहा।

# गर्मी से राहत के लिए संस्था ने स्कूलों में बांटे पंखे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

प्रदेश में मानवता को समर्पित जन समर्पण सेवा संस्था द्वारा आज 20 स्कूलों में बच्चों की सुविधा के लिए पंखों का वितरण किया गया। जन समर्पण सेवा संस्था जो कि विगत 8 वर्षों से पूरे जिले में मानव सेवा पशु-पक्षियों की सेवा कर रही है। संस्था के द्वारा विगत 8 वर्षों से बिना रुके प्रतिदिन शहर में लगभग दो सौ से अधिक जरूरतमंदों को प्रतिदिन निःशुल्क भोजन वितरण किया जा रहा है। वर्तमान में इस संस्था द्वारा इस भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों के दाना पानी हेतु पूरे जिले में हजारों सीमेंट के कोटने मिटटी के सकोरे का वितरण किया गया था जो कि शहर का एक मिसाल सेवा कार्य रहा। जन समर्पण सेवा संस्था के सदस्यों के द्वारा वर्तमान में स्कूल बंद होने पर शहर के विभिन्न स्कूलों में जाकर वहां की जरूरत की सामग्री की जानकारी ली और सदस्यों ने देखा कि शहर की कुछ स्कूल है जहां बंच्चो की पढ़ाई के लिए सबसे अधिक जरूरी उनकी कक्षा में पंखा नही लगा है।

### विधायक रहे मौजूद

कार्यक्रम में दुर्ग शहर के विधायक गजेंद्र यादव मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम में संस्था द्वारा विगत 8 वर्षो से की जा रही सेवा कार्य की प्रशंसा की और शिक्षकों को हर जरुरतमंद बच्चों की पढ़ाई में विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने संस्था के सभी सदस्यों को लगातार किये जा रहे सेवा कार्य की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा ने किया।

# घर-घर जाकर परखा बच्चों का पोषण स्तर, बांटी गई सुपोषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भीषण गर्मी के इस दौर में सामाजिक संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन और आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी जिम्मेदारी और समर्पण का परिचय देते हुए घासीदास नगर क्षेत्र में गृह भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत महत्वपूर्ण कार्य किया। इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उन परिवारों के घरों का दौरा किया जिनके बच्चे कुपोषण की स्थिति में हैं। यहां हर घर में जाकर बच्चों का वजन मापा गया और पोषण स्तर की जाँच की गई।

इसके पश्चात पालकों को बच्चों के समुचित शारीरिक और मानसिक विकास के लिए पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी और परामर्श प्रदान की गई। उन्हें बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार, नियमित टीकाकरण और स्वच्छता की जरूरत बताई गई। जीई फाउंडेशन के प्रदीप पिल्लई ने केवल परामर्श ही नहीं दिया, बल्कि उनके द्वारा कुपोषित बच्चों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति हेतु प्रोटीन पाउडर और सुपोषण किट भी



वितरित किया गया। इन किट्स में आवश्यक विटामिन्स, मिनरल्स, आयरन युक्त खाद्य सामग्री आदि शामिल थे, जो बच्चों के शारीरिक विकास को बेहतर बनाने में सहायक होंगे। इस पूरी प्रक्रिया में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने न केवल कड़ी मेहनत की, बल्कि समुदाय के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सेवा भावना का भी परिचय दिया। उनका यह प्रयास बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने और समुदाय में पोषण के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज के कार्यक्रम में जीई फाउंडेशन के प्रदीप पिल्लई और आँगनबाड़ी कार्यकर्ता जीतू मनहर, उमेश्वरी रात्रे, सहायिका मारुति गुप्ता और चंचल निषाद उपस्थित होकर लोगो को सुपोषण युक्त भोजन की जानकारी दी।

# राजपूत क्षत्रिय महासभा दुर्ग के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जवाहर नगर दुर्ग में राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ के केंद्रीय पदाधिकारियों का सम्मान एवं दुर्ग उत्तर के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। आयोजन में समिति के पदाधिकारी और सदस्य काफी

■ केंद्रीय पदाधिकारियों का सम्मान एवं दुर्ग उत्तर समिति का शपथ ग्रहण समारोह

संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महासभा अध्यक्ष बजरंग बैस ने महाराणा प्रताप के तैल्य चित्र में माल्यार्पण कर की गई।

महाराणा प्रताप अमर रहे, जय राजपूताना, जय महाराणा के नारों से सदन गुंजायमान रहा। दुर्ग उत्तर के अध्यक्ष ठाकुर हरनारायण सिंह सहित सभी निर्वाचित 17 पदाधिकारियों को सत्य, निष्ठा एवं संविधान की शपथ महासभा अध्यक्ष द्वारा दिलाई गई। महासभा के



केंद्रीय पदाधिकारी अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष पंकज भुवाल, कोषाध्यक्ष नीरज क्षत्रिय, सहसचिव सत्येन्द्र सिंह राजपूत, उपसचिव घनश्याम सिंह, संगठन सचिव, अजय सिंह, प्रचार सचिव जितेंद्र सिंह, महिला अध्यक्ष रश्मि सिंह, महिला सचिव मधुबाला सिंह, युवा अध्यक्ष अनुराग सिंह, युवा सचिव महेंद्र सिंह को शाल,श्रीफल से सम्मानित किया गया।

वही जिला कोषालय अधिकारी मुकुंद भारद्वाज, विधि प्रकोष्ठ के ललित सिंह, पूर्व अध्यक्ष कमलेश सिंह, पूर्व महिला सचिव मिनी ठाकुर को भी सम्मानित किया गया। महासभा अध्यक्ष बजरंग बैस ने उद्बोधन में समाज के विकास, केंद्रीय सभा के लिए भूमि क्रय, कैरियर गाइडेंस, परिचय सम्मेलन जैसे प्रथमिकता युक्त कार्य करने की बात कही।

दुर्ग उत्तर अध्यक्ष हरनारायण सिंह ने उपसमिति के सभी लोगो को संगठित कर पूरे पारदर्शिता से सभी को सम्मान देते हुए कार्य को इंगित किया। दुर्ग उत्तर से पदाधिकारी केंद्रीय सहसचिव सत्येन्द्र राजपूत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, रश्मि सिंह महिला अध्यक्ष एवम नीरज सिंह कोषाध्यक्ष ने भी अपनी-अपनी प्राथमिकता को बताया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सचिव माधो सिंह और आभार प्रदर्शन अर्जुन सिंह ने किया।

## हरिभूमि की खबर रंग लाई, नए विस में लगेगी अटलजी की मूर्ति

# आखिरकार मूर्तिकार नेलसन के प्रति सरकार ने दिखाई सदाशयता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

प्रसिद्ध मूर्तिकार जेएम नेलसन अपने कलात्मक कौशल से छत्तीसगढ़ की राजधानी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृतियों को ताजा कर उनके ऐतिहासिक योगदान का

■ शासन ने दिया 22 लाख की लागत से छग प्रदेश के सृजेता की प्रतिमा निर्माण का आर्डर

संदेश देंगे। पद्मश्री से सम्मानित भिलाई के इस शिल्पकार द्वारा तैयार प्रदेश को छत्तीसगढ़ राज्य का उपहार देने वाले अटलजी की आदमकद मूर्ति नया रायपुर के विधानसभा भवन परिसर में स्थापित की जाएगी। राज्य शासन द्वारा मूर्ति निर्माण की मंजूरी मिलना पिछले कुछ समय से संकट से जूझ रहे श्री नेलसन की हौसलाआफजाई के साथ सरकार की समर्पित



कलाकारों व कला के सम्मान का भी प्रतीक है।

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने आधी सदी तक मूर्ति कला में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 70 वर्षीय शिल्पकार जेएम नेलसन के इलाज की दरकार और उनके पास मूर्ति निर्माण के आर्डर नहीं होने संबंधी खबर प्रकाशित कर सरकार के ध्यानाकर्षण में लाया था। राज्य शासन ने इस पर सदाशयता और उनके कलात्मक योगदान को देखते हुए उन्हें अटलजी की मूर्ति गढ़ने का बड़ा आर्डर दिया है। जारी टेंडर में श्री नेलसन को 22 लाख की लागत से 14 फीट की मूर्ति का निर्माण करने की स्वीकृति मिली है। उनके द्वारा तैयार स्व. वाजपेयी की आदमकद मूर्ति नया रायपुर के विधानसभा भवन परिसर में स्थापित की जाएगी। अटलजी की मूर्ति का अनावरण अजलजी उनकी जयंती पर 30 नवंबर को छग के विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व सीएम डां. रमन सिंह करेंगे। इस क्लासिक कृति में छग राज्य की सौगात देने वाले अटलजी के साथ अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी और अध्यात्म का संदेश देने वाले स्वामी विवेकानंद भी दिखाई देंगे। उन्होंने मूर्ति निर्माण की प्रक्रिया शुरु कर दी है। मूर्तिकार श्री नेलसन बताते हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी की मूर्ति निर्माण का अवसर देकर कला के सम्मान व मेरी मदद के लिए मैं सरकार और डां. सिंह के प्रति हार्दिक रुप से कृतज्ञ हूं। हर बार की तरह मेरा प्रयास होगा कि सरकार की अपेक्षा के अनुरुप महापुरुष की जीवंत कृति गढ़कर उनके संदेश को जन प्रतिनिधियों के साथ जन जन तक पहुंचाऊं।

### आधी सदी तक कलात्मक योगदान

उल्लेखनीय है कि 4 दशक से अधिक समय से मूर्तिकला में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिल्पकार जेएम नेलसन छग सहित देश के विभिन्न स्थानों के लिए कई महापुरुषों, शहीदों, देवी, देवताओं और विभिन्न लोगों की सैकड़ों मूर्तियां गढ़ चुके हैं। इसके पूर्व 2002 में उनके द्वारा निर्मित महात्मा गांधी की मूर्ति अशोक चक्र की कृति पुराना विधानसभा भवन परिसर में स्थापित है,जिसका अनावरण तत्कालीन स्पीकर राजेंद्र शुक्ला ने किया था। उनकी स्वामी विवेकानंद की आकर्षक प्रतिमा बूढ़ा तालाब रायपुर व गौतम बुद्ध की मूर्ति डोंगरगढ़ और राज भोज की प्रतिमा बैहर में स्थापित है। उनके दीर्घ कलात्मक योगदान को देखते हुए 2007 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया है।

# गर्भवती महिलाओं को पोषक तत्व भेंट कर शिविर की हुई शुरुआत

भिलाई। नगर पालिका जामुल के वार्ड 13 एसीसी मंगल भवन में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने गर्भवती महिलाओं को पोषक तत्व भेंट कर शिविर का शुभारंभ किया। नपा अध्यक्ष ठाकुर ने कहा कि आम जनता के समस्या का तुरंत निवारण हो सके एवं राज्य, केन्द्र सरकार के द्वारा संचालित जनहित योजना का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को मिल सके।

योजनाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन हो इसीलिए हमारे सरकार द्वारा सुशासन तिहार का आयोजन किया है। समस्याओं का समाधान हो, आम जनता को अपने समस्या या मांग के लिए अनेक विभागों का चक्कर न लगाना पड़े। इसीलिए समाधान शिविर का



प्रदेशव्यापी आयोजन किया गया है। शिविर हर नागरिक के लिए है इसका लाभ उठायें। वार्ड 08, 11, 12, 13, 14, 15 में कुल 110 आवेदन मांग और शिकायतें मिली है। स्वास्थ्य विभाग से 35 आवेदन, आयुष विभाग 50 आवेदन, आधार कार्ड अपडेशन के लिए 32 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसका तत्काल निराकरण किया गया।

## सार समाचार

### लखोली स्कूल में समाधान शिविर आज

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गत माह से आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ देने उनसे संवाद स्थापित करने तथा उनकी समस्याओ के निराकरण के लिये सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अतंर्गत नागरिकों की समस्या का निराकरण कर आवेदकों के समस्याओं का समाधान बताने अंतिम चरण में निगम सीमाक्षेत्र के वार्डों में 5 मई से 31 मई तक प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में नगर निगम के अलावा अन्य शासकीय विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रह कर आमजनों को उनकी समस्या का समाधान बताकर तथा उन्हें राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस का वितरण कर अन्य शासकीय योजना का लाभ दिया जा रहा है। शिविर के संबंध में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि समाधान शिविर की कड़ी में 19 मई सोमवार को वार्ड नं. 28, 29, 30, 31 व 32 के लिये सीडीएस लखोली स्कूल में प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक समाधान शिविर लगाया जायेगा। जिसमें उपरोक्त वार्ड के नागरिक जिनके द्वारा अपनी समस्या संबंधी आवेदन दिये है, उनका समाधान बताया जायेगा। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ भी दिया जायेगा। उन्होंने उपरोक्त 5 वार्ड के वार्डवासियों से शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओ का समाधान जान, शासन की योजनाओ का लाभ लेने की अपील की है।

### कबाड़ी दुकानों में पुलिस की दबिश

**राजनांदगांव।** जिलेभर के कबाड़ी दुकानों में पुलिस ने दबिश दी। दुकानों में रखे कबाड़ के सामानों की जानकारी जुटाई और सिर्फ चेकिंग कर वापस लौट गई।



पुलिस का दावा है कि सामानों के संबंध में दस्तावेज मंगाए गए हैं। दस्तावेज पेश नहीं करने वालों पर आगे कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की यह कार्रवाई महज औपचारिकता ही साबित हुई है। रविवार को पुलिस टीम कोतवाली, चिखली, बसंतपुर, लालबाग, सोमनी, घुमका, छुरिया व अन्य थाना क्षेत्रों में मौजूद कबाड़ी दुकानों में दबिश दी। टीम ने कबाड़ी दुकनों पर पहुंचकर संदिग्ध समानों की चेकिंग किया। पुलिस ने दावा किया है कि चेकिंग अभियान के दौरान किसी भी कबाड़ी दुकानों पर संदिग्ध सामान नहीं पाया गया। सभी कबाड़ी दुकान के संचालकों को आवश्यक हिदायत दी गई। संदिग्ध व्यक्ति का नाम एवं मोबाइल नंबर नोट करने हेतु कहा गया। इसके टीम ने मौजूद सामानों का दस्तावेज जल्द प्रस्तुत करने की चेतावनी देकर लौट गई।

#### लगातार बढ़ रही दुपहिया वाहनों की चोरी

बता दें कि जिले में लगातार वाहन चोरी की घटना हो रही है। चोरी हुए वाहन बरामद भी नहीं हो रहे हैं। इसे देखते हुए भी पुलिस ने यह विशेष चेकिंग अभियान चलाया था। लेकिन पुलिस को कुछ भी संदेहास्पद नहीं मिला है। पुलिस ने कबाड़ी के गोदामों में भी जांच की है। दुकानों में मौजूद वाहनों का दस्तावेज भी चेक किया जा रहा है।

### कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण

**राजनांदगांव।** कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव एवं कृषि विभाग राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजना एवं प्राकृतिक खेती से संबंधित जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत एक दिवसीय प्राकृतिक खेती जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र में किया गया। प्रशिक्षण में जिले की कृषि सखियों को केन्द्र की वैज्ञानिक अंजलि घृतलहरे द्वारा रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया और प्राकृतिक खेती से होने वाले स्वास्थ्यगत लाभ के बारे में अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में कृषि सखियों को जीवामृत एवं घनजीवामृत बनाने की विधि का प्रोयोगिक प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा, कृषि विभाग से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी याजवेन्द्र कटरे एवं केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. अतुल डांगे, डॉ. नूतन रामटेके, मनीष कुमार सिंहए डॉ. योगेंद्र श्रीवास एवं जीतेंद्र मेश्राम उपस्थित थे।

## भीषण गर्मी के बीच कुंओं के पानी का उपयोग नहीं

# सार्वजनिक कुओं की दुर्गति, सफाई के अभाव में नहीं हो रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस वर्ष मार्च माह में ही शिवनाथ नदी सूखने से शहर में जल संकट गहराया हुआ है। लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। शहर में लोगों की निस्तारी के लिए कई वार्डों में सार्वजनिक कुंए है लेकिन इन कुओं की सफाई नहीं होने के चलते लोग कुएं के पानी का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

शहर के कुछ वार्डों में कुएं पर स्थानीय पार्षदों के द्वारा टंकी बनाई गई है, लेकिन कई वार्डों में अब भी सार्वजनिक कुएं खुले पड़े है, जिसमें कचरे और गंदगी के चलते पानी से बदबू आती है। ऐसे में इन सार्वजनिक कुओं का उपयोग नहीं हो पा रहा है।

शहर में कई वार्डो के कुओं में इस भीषण गर्मी के बीच भी जल स्तर बेहतर है, लेकिन पानी में तैरती गंदगी की वजह से लोग कुएं का पानी नहीं ले रहे है। शहर के कुछ सार्वजनिक कुओं पर जालियां भी लगाई गई है, लेकिन कई जगहों पर जाली सड़ चुकी है, तो वहीं जालियों के बीच से कचरे कुएं में फेंक दिए जाते हैं जिससे गंदगी बनी हुई है।



#### फेंका जा रहा कचरा

शहर के बीच जयस्तम चौक पर भी काफी पुराना कुआं है, किसी समय में एक बड़ी आबादी के निस्तार का माध्यम रहा है। लेकिन अब इस कुएं के ऊपर स्थानीय व्यापारियों के द्वारा अपने सामान रखे जाते हैं जिसके चलते कुएं के बीच जालियों की गैप से कचरा कुएं के भीतर गिरता है, तो वही कुएं में सड़े हुए फलों, सब्जियों के कचरों के अलावा चिप्स नमकीन के खाली पैकेट भी नजर आते हैं। वही कुएं का पानी हरा दिखाई दे रहा है।

#### नहीं होती है सफाई

गर्मी से पूर्व लोगों की निस्तारी और जल संकट को देखते हुए कुओं की सफाई कराई जानी चाहिए थी, लेकिन अधिकांश वार्ड के लोगों ने बताया कि कुओं की सफाई नहीं हुई है। पानी से बदबू आने पर शिकायत की जाती है तो महज चुना और ब्लीचिंग पाउडर डालकर कर्मचारी चले जाते हैं।

#### विलुप्त हो जाएंगे कुएं

शहर में कई जगहों पर इसी तरह गंदगी के चलते कचरा डालकर कुओं को पाट दिया गया गए हैं, जो अब सिर्फ कागज में है। समय रहते कुओं की देखरेख और सफाई पर ध्यान नहीं दिया गया तो धीरे-धीरे सार्वजनिक कुएं पूरी तरह से विलुप्त हो जाएंगे।

## राज्य स्तरीय पंचगव्य चिकित्सा सम्मेलन 25 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ पंचगव्य डॉक्टर एसोसिएशन द्वारा आगामी 25 मई को सुबह 10 बजे से पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय चतुर्थ पंचगव्य चिकित्सा सम्मेलन का आयोजन किया गया है।



सम्मेलन में मुख्य वक्ता पंचगव्य विद्यापीठम् कांचीपुरम् तमिलनाडु के संस्थापन एवं गुरूकुलपति व प्रसिद्ध गव्यसिद्ध आचार्य डॉ. निरंजन वर्मा द्वारा गाय के वैज्ञानिक महत्व एवं उपयोगिता, पंचगव्य से साध्य व असाध्य रोगों के उपचार सहित अन्य विषयों पर व्याख्यान दिया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव उपस्थित रहेंगे। साथ ही अध्यक्षता छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल द्वारा की जाएगी।

कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे गव्यसिद्ध चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं स्वास्थ्य परामर्श भी दिया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा गौपालक, किसान भाईयों एवं नगरवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया गया है।

## युगांतर में नीट-जेईई की निःशुल्क कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- छठवीं से नौवीं के विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क फाउंडेशन कोर्स

शिक्षा, खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में उत्कृष्ट संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल ने अभिनव पहल करते हुए कक्षा ग्यारहवीं तथा बारहवीं में सीबीएसई के नियमित पाठ्यक्रम के साथ नीट, जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विद्यालयीन समयावधि में प्रदान करने का अद्वितीय फैसला किया है, जो कि पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने इस संबंध में बताया कि विद्यार्थी अपने समय का पूरा सदुपयोग इन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कर सकते हैं। अजय सिंगी की अध्यक्षता वाली प्रबंध समिति ने पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग सुविधा देने के साथ ही दसवीं बोर्ड में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप में भी वृद्धि की गई है।

प्रबंध समिति ने बताया कि सीबीएसई दसवीं बोर्ड में 95 प्रतिशत या अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क शिक्षण के साथ निःशुल्क जेईई तथा नीट की तैयारी की व्यवस्था की गई है। इन प्रतियोगी की तैयारी कराने के लिए अनुभवी विषय विशेषज्ञ बाहर से आएँगे। इनके अलावा 90 प्रतिशत से 94.99 प्रतिशत तक अंक अर्जित करने वाले प्रतिभावान हॉस्टलर स्टूडेंट्स के लिए एक लाख 20 हजार रू.तथा डे स्कॉलर के लिए 60 हजार रूपए तक की राशि छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की जायेगी। 85 से 89.99 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले हॉस्टलर स्टूडेंट्स के लिए 60 हजार तथा डे स्कॉलर के लिए 40000 रूपए की राशि छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की जायेगी। नीट और जेईई की कोचिंग पात्र विद्यार्थियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क होगी।

विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने बताया कि विगत वर्ष सी टॉप फाउन्डेशन एकेडमिक प्रोग्राम सफलतापूर्वक संचालित हुआ। इस वर्ष भी कक्षा 6 वीं से 9वीं तक की कक्षाओं में इसे और दृढ़ता से पुनः नियमित संचालित किया जाएगा।

सी टॉप एकेडमिक प्रोग्राम का उद्देश्य यह है कि बच्चों को वह योग्यता हासिल हो, जिससे वो नीट तथा जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षा में समर्थ हो सके। इस दिशा में छठवीं की कक्षाओं से ही विद्यार्थियों के फाउन्डेशन को मजबूत बनाने के लिए ध्यान दिया जा रहा है।

## पत्नी के मोबाइल में फोन किया तो हत्या की नीयत से गर्दन में मारा चाकू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी थाना क्षेत्र के मनगटा में एक युवक के गर्दन में चाकू से वार कर हत्या का प्रयास किया गया है। घटना को गांव के ही युवक ने अंजाम दिया है। घटना की वजह आरोपी की पत्नी के फोन पर कॉल करना सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।




घटना शनिवार रात करीब 11 बजे की है। सोमनी पुलिस ने बताया कि प्रार्थी थकेश मंडावी रात में शौच के लिए तालाब की ओर गया था। जहां से लौटकर वह तालाब के पचरी के पास बैठा था। तभी वहां आरोपी विजय निर्मलकर आया। विजय ने अपनी पत्नी के मोबाइल में फोन करने की बात कहकर थकेश से गाली गलौज शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि विजय ने अपने पास रखे धारदार चाकू से थकेश के गर्दन में दो बार वार कर दिया। जिससे वह खून से लथपथ हो गया। ग्रामीणों की मदद से थकेश को हास्पिटल पहुंचाया गया। इधर पुलिस ने आरोपी विजय निर्मलकर को हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है।

## शिक्षिका के अपहरण मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, एक की तलाश जारी

**राजनांदगांव।** जिले के डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत भेजराटोला से एक निजी स्कूल की प्रिंसिपल का अपहरण करने वाले मुख्य आरोपी अनूप चंद्राकर के दो सहयोगियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वही फरार आरोपी अनूप चंद्राकर को भी जल्द गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है। पुलिस मुख्य फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई और मामले की गंभीरता को देखते हुए फरार आरोपी को पकड़ने टीम बनाई है।

बीते शुक्रवार को कुमारदा क्षेत्र के भेजरा टोला से युवती के साथ जबरदस्ती विवाह करने के लिए भर्रेगांव निवासी आरोपी अनूप चंद्राकर द्वारा उसका अपहरण कर उसे जंगल में ले जाया गया था। इस मामले में पीड़िता ने अपनी शिकायत दर्ज करा कर पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की और दो आरोपी को गिरफ्तार किया है।



#### जल्द होगी गिरफ्तारी

फरार आरोपी को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने बताया कि अपहरण मामले के मुख्य आरोपी अनूप चंद्राकर का सुराग मिल चुका है और पुलिस जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लेगी।

#### शिकायत वापस लेने का बना रहा था दबाव

आरोपी अनूप चंद्राकर द्वारा शिक्षिका का अपहरण करने के बाद उसे जान से मारने की भी कोशिश की गई थी, आरोपी ने उस पर पेट्रोल भी डाल दिया था। इसके बाद जबरदस्ती विवाह करते हुए वीडियो बनाकर अपने फेसबुक अकाउंट में अपलोड किया था। पीड़िता द्वारा लगभग एक माह पूर्व आरोपी के खिलाफ किए गए शिकायत को वापस लेने का दावा भी बनाया जा रहा था।

#### प्रयुक्त कार भी बरामद

पुलिस ने शिक्षिका के अपहरण में प्रयुक्त कार क्रमांक सीजी 04 क्यूई 5442 को जब्त किया है। डोंगरगांव पुलिस ने अपहरण में आरोपी अनूप चंद्राकर का सहयोग करने वाले भर्रेगांव निवासी रोशन निषाद और तामेश्वर निषाद को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने भर्रेगांव क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों सहयोगी आरोपियों न्यायिक रिमांड के लिए भेजा है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर शादी में प्रयुक्त मंगलसूत्र, कपड़े भी बरामद किया है।

## राज्य स्तरीय कराटे में खिलाड़ियों ने जीते 12 स्वर्ण, आठ रजत व चार कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का करेंगे प्रतिनिधित्व

भिलाई महिला महाविद्यालय में आयोजित नौवीं राज्य स्तरीय सब जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराते चैंपियनशिप का आयोजन छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के तत्वाधान में किया गया जिसमें प्रदेश के बीस जिलों के कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन से संबद्धता प्राप्त 400 खिलाड़ियों ने विभिन्न वजन वर्गों में भाग लिया। जिसमें राजनांदगांव जिला कराते संघ के खिलाड़ियों ने शिहान मुरली सिंह भारद्वाज के नेतृत्व में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन कर 12 स्वर्ण पदक, 8 रजत पदक एवं 4 कांस्य पदक जीतने में सफलता प्राप्त की।

पदक विजेता खिलाड़ियों को जिला कराते संघ के अध्यक्ष नीलू शर्मा, सचिव शिहान मुरली सिंह भारद्वाज, उपाध्यक्ष सेंसाई कमल पूजन, कोषाध्यक्ष दुर्गेश त्रिवेदी, अंतरराष्ट्रीय कराते खिलाड़ी एवं गुण्डाधुर अवॉर्डी सेंसाई अंबर सिंह भारद्वाज एवं राजनांदगांव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स स्कूल कस्तूरबा महिला मंडल के वरिष्ठ कराते खिलाड़ी दुर्गेश साहू, लोकिता साहू, जयदीप सिन्हा, जयप्रकाश साहू, तरुण साहू, ईशभ सिंह, कारण साहू एवं समस्त खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं- सब जूनियर बालिका वर्ग में अहाना प्रसाद को फाइट में स्वर्ण पदक, काता में रजत पदक, भैरूसी साहू को काता में स्वर्ण फाइट में रजत पदक, अवनी खंडेलवाल को काता में



स्वर्ण, फाइट में स्वर्ण पदक, दीतिशा साहू रजत पदक, नितिशा निपने को कुमिते में रजत पदक, काता में कांस्य पदक, पारुल साहू काता में स्वर्ण पदक कुमिते में रजत पदक, ख्याति साहू कुमिते में स्वर्ण पदक। बालक सब जूनियर वर्ग में अनंत खंडेलवाल को काता में स्वर्ण पदक, मानविक सेठिया को काता में स्वर्ण पदक, कुमते में स्वर्ण पदक, शिवांश सोनी को काता व कुमते में रजत पदक, कविश शाह को काता में स्वर्ण पदक कुमिते में कांस्य, रिधांश चावड़ा कुमिते में कांस्य पदक, कबीर साहू कुमिते में कांस्य, हिमांशु झा कुमिते में रजत पदक, काटा में कांस्य पदक। कैडेट वर्ग में भास्कर साहू को कुमिते में स्वर्ण पदक, जूनियर वर्ग में शेख हमजा को कुमिते मे स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है।

## 12वीं में सुमन और 10वीं में चित्रकला दोनों बहने प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

गत दिवस छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पारागांव खुर्द में 10वीं के 108 में से 101 और 12वीं में 76 में से 69 विधार्थी सफल रहे। बच्चों की मेहनत और शिक्षकों की अतुलनीय प्रयास से परीक्षा परिणाम गौरवान्वित करने वाला रहा। कक्षा 12 वी में सुमन वर्मा पिता पारस वर्मा प्रथम एवं डिलीशा साहू पिता नरेंद्र कुमार साहू द्वितीय, ज्योति वर्मा पिता राजेश वर्मा तृतीय स्थान प्राप्त किये है। इसी प्रकार कक्षा 10वी में चित्रकला वर्मा पिता पारस वर्मा प्रथम, पल्लवी पिता श्याम सिंह द्वितीय, लक्की वर्मा पिता धनेश्वर वर्मा तृतीय स्थान प्राप्त किये है। 10वीं में 93.52% एवं 12वी 90.79% छात्र सफल रहे। संस्था के प्राचार्य लेखराम साहू ने इस सफलता के लिए सभी बच्चों को बधाई दी है। अच्छा परिणाम मिलने पर सभी शिक्षकों को भी बधाई दी है।

## आईटीबीपी ने सीतागांव में खोला पशु चिकित्सालय

**सीतागांव।** 27वीं बटालियन भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने एक और पहल करते हुए सीतागाँव में जनता के अनुरोध पर फ़ील्ड पशु चिकित्सा अस्पताल खोला गया है। सीतागांव में स्थापित फील्ड अस्पताल की लोकप्रियता को देखते हुए आईटीबीपी ने अब पशुओं के लिए भी एक फ़ील्ड चिकित्सा अस्पताल स्थापित किया है।



इस अवसर पर आयोजित एक मिलन समारोह में पशु अस्पताल का विधिवत संचालन प्रारंभ किया गया जिसमें बड़ी संख्या में आसपास के कई गांवों के ग्रामीण अपने पशुओं के साथ उपस्थित रहें। आईटीबीपी की 27वीं बटालियन के कमांडेंट विवेक कुमार पाण्डेय ने ग्रामीणों को बताया कि इससे आसपास के लगभग 20 गाँवों में स्थानीय ग्रामीणों के 12 हज़ार से ज़्यादा जानवरों का समय-समय पर निःशुल्क इलाज़ सम्भव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में पशु ग्रामीणों की खेती और अन्य आवश्यकताओं का आधार हैं, लेकिन जागरूकता और नज़दीक इलाज़ के अभाव में कई बार उनके जानवरों की अकाल मृत्यु हो जाती है या वे बीमार रहते हैं। कमांडेंट ने ग्रामीणों को बताया कि इस फ़ील्ड पशु चिकित्सा अस्पताल में पशु चिकित्सा विशेषज्ञ डॉक्टर और अन्य चिकित्सा स्टाफ़ मौजूद रहेंगे जिससे स्थानीय पशुओं की चिकित्सा फ्री में हो पाएगी। कमांडेंट ने ग्रामीणों को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं बच्चों में पोषण हेतु जागरूक किया और कहा कि स्वच्छता बनाए रखकर वातावरण को निरोगी बनाए रखा जा सकता है। उन्होंने पौधरोपण करने और प्रकृति पर्यावरण संरक्षण करने हेतु भी सभी का आह्वान किया। इस अवसर पर 27वीं बटालियन आईटीबीपी के चीफ वेटरनरी ऑफिसर डॉ.मनोरंजन कुमार ने लोगों को पशुओं की चिकित्सा और देखरेख पर टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए और अपना जीवन स्तर और बेहतर करने के प्रयास करने चाहिए। रोज़ाना यहाँ लोग चिकित्सा परामर्श और दवाइयों के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक साल से भी कम समय में अब तक यहाँ 2100 से ज़्यादा लोगों का इलाज किया जा चुका है। यहाँ मरीज़ों के लिए बेड भी उपलब्ध हैं और पिछले दिनों में यहाँ मलेरिया, पेट और त्वचा के साथ-साथ, कई प्रकार के संक्रमण से ग्रस्त लोगों का निःशुल्क इलाज़ किया गया। साथ ही, चोट, एक्सीडेंट और पुराने घावों को ठीक करने हेतु भी अनेकों इलाज कर राहत पहुँचाने का काम किया गया है।

पेज 9 के शेष

### किशोर न्याय अधिनियम पर ...

ने निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरणों का शीघ्र निपटारा हो, ताकि बालकों को लंबी कानूनी प्रक्रियाओं से गुजरना न पड़े और उनका बचपन संरक्षित रह सके। उन्होंने प्रत्येक विभाग को समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि "यह जिम्मेदारी केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है कि हम हर बच्चे को एक सुरक्षित, सम्मानजनक और उज्ज्वल भविष्य दें।

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कार्यशाला में कहा कि पुलिस विभाग की भूमिका न्यायिक प्रक्रिया में संवेदनशील और जिम्मेदार सहयोगी के रूप में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, "जब हम एक बच्चे से बात करते हैं, तो हमें एक अधिकारी नहीं, एक संरक्षक की तरह व्यवहार करना चाहिए।श्री साहू ने सभी थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में तत्काल और मानवीय दृष्टिकोण से कार्यवाही करें। एफआईआर दर्ज करने से पहले हर केस की गंभीरता, बच्चे की मानसिक अवस्था, पारिवारिक पृष्ठभूमि आदि को ध्यान में रखा जाए।

उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन कानून का पालन करते हुए मानवीय संवेदनाओं का सम्मान करे, जिससे बालकों में व्यवस्था के प्रति विश्वास बना रहे। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस विभाग इस दिशा में हर संभव सहयोग प्रदान करेगा और ऐसी कार्यशालाएं समय-समय पर आयोजित किया जाएगा।

### डेढ़ साल से नहीं हुआ ...

को हर दिन करीब 30 लाख रुपए का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। बता दें कि कोचिया और राइस मिलर्स की सांठगांठ से यह पूरा खेल चल रहा है। नागरिक आपूर्ति निगम ने डिमांड ऑर्डर कटने के साथ चावल कटिंग का यह खेल चल रहा है। इधर राशन दुकानों से गरीबों को चावल नहीं मिल पा रहा है, हर महीने आवंटन जरूर हो रहा है। गरीबों के पीडीएस का चावल वाहनों में लोड होकर राइस मिलों में पहुंच रहा है। इन राइस मिलों से नागरिक आपूर्ति निगम तक पहुंच रहा है, जहां से डिमांड ऑर्डर के हिसाब से पुनः राशन दुकानों में भेज दिया जा रहा है। इस काम में दो तीन व्यक्ति सक्रिय बताए गए हैं। इनकी जिले के 100 से राशनदुकान में सांठगांठ बताई गई है।

### राशन के नाम पर लाखों ...

जांच प्रतिवेदन के आधार पर एसडीएम बेरला ने भिंभौरी तहसीलदार सरिता मढरिया को भू-राजस्व अधिनियम की धारा के तहत वसूली का आदेश दिया है। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि यह राशि छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज़ कॉर्पोरेशन लिमिटेड, बेमेतरा के बैंक खाते में आरआरसी के माध्यम से वसूल की जाए।

**प्रशासनिक तंत्र सवालों के घेरे में:** सवाल उठ रहा है कि अगर सुरहोली में ग्रामीणों ने आवाज़ नहीं उठाई होती तो क्या ये गबन कभी सामने आता? क्या खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग और स्थानीय प्रशासन नियमित निरीक्षण कर रहा था? या फिर सब कुछ जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा था? **एक ग्रामीण ने हरिभूमि को बताया** – "हम हर महीने राशन के लिए इंतजार करते हैं, लेकिन दुकान वाले कहते हैं अभी नहीं आया। पर बाद में पता चलता है कि हमारे नाम पर वितरण हो चुका है। आखिर ये चोरी कब तक चलेगी?"

**जनता की मांग – जिलेभर में हो ऑडिट और दोषियों की गिरफ्तारी हो :** ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि सिर्फ सुरहोली ही नहीं, बल्कि जिले की सभी सहकारी समितियों का स्वतंत्र ऑडिट कराया जाए। दोषी पाए जाने पर सिर्फ वसूली नहीं, बल्कि एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए।

## खबर संक्षेप

### पंजीयन की तारीख 22 मई तक बढ़ाई

**कवर्धा।** जिले में पीएम अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना (पीएम-आशा योजना) अंतर्गत किसानों के पंजीयन की अंतिम तारीख में वृद्धि की गई है। इस संबंध में संबंधित विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में पीएम अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना अंतर्गत किसानों के पंजीयन की अंतिम तारीख में वृद्धि की गई है। अब जिले के किसान 22 मई तक अपने फसल का पंजीयन करवा सकते हैं। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन और रबी विपणन वर्ष 2025-26 में चना, मसूर व सरसों की बुआई करने वाले किसानों का पंजीयन पूर्व निर्धारित तारीख स्थान पर अब 8 मई से 22 मई तक किया जा सकेगा।

### युवक की डंडे से पीट-पीटकर हत्या, दो आरोपी पुलिस हिरासत में

**कवर्धा।** जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिरहुलडीह के आश्रित ग्राम गभोड़ा में एक ग्रामीण की डंड़े से पीटपीटकर हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर दो लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे अब पूछताछ की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती शनिवार की पंडरिया निवासी नाम रुपेश यादव किसी काम से ग्राम पंचायत बिरहुलडीह के आश्रित ग्राम गभोड़ा गया था। जहां अज्ञात कारणों के चलते दो लोगों ने उसकी डंडे से पीटपीटकर हत्या कर दी। ग्रामीण का शव गांव के एक घर में पड़ा मिला। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने तत्काल कुकदुर पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर लिया है और मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर अब पूछताछ कर रही है। इस मामले में बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि आखिर पंडरिया से करीब 40 किलो मीटर दूर रूपेश गभोड़ा क्यों गया था और फिर ऐसा क्या हुआ कि उसकी हत्या कर दी गई। बहरहाल पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### भाजपा सरकार के राज में ठगे जा रहे किसानः तुकाराम

**कवर्धा।** प्रदेश की सत्ता में भाजपा सरकार के काबिज होने के बाद सरकार की लगातार किसान विरोधी नीतियां सामने आ रही है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण प्रदेश के उप मुख्यमंत्री के गृह जिले में देखा सकता है।

# सोमावती आमावश्या और वट सावित्री पूजा 26 को, जेठ माह में और बढ़ेगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

ज्येष्ठ माह शुरू होते ही सूर्यदेव की तपन तेज हो गई है। इस माह भीषण गर्मी का वातावरण रहेगा। अगले माह से आषाढ़ बारिश का महीना शुरू हो जाएगा। जिसके चलते किसान अभी से किसानी की प्रारंभिक कार्य में जुटने लगे हैं। खेतों की सफाई व मरम्मत कार्य इन दिनों शुरू कर दिया गया है। पंचाग के अनुसार 13 मई से जेष्ठ माह प्रारंभ हो गया है। ऐसा माना जाता है कि जेष्ठ माह जिसे जेठ माह भी कहते हैं। इस माह में सर्वाधिक गर्मी का वातवरण रहता है। सामान्य दिनों की अपेक्षा धूप तेज और भभकती गर्मी का माहौल रहता है। नवतपा भी इसी माह धरती को तपन देता है।

## गर्मी से लोग परेशान, नौतपा में सूर्य का प्रकोप और होगा प्रबल

### दोपहर को लू, देर रात तक गर्मी

ज्येष्ठ माह प्रारंभ होते ही मौसम जरूर कुछ बदला है लेकिन दो दिनों के बाद गर्म हवाओं के थपेड़े शुरू होने की संभावना है। देर रात तक गर्म हवाओं से लोग हलाकान भी होंगे। नौतपा के दौरान बेहद गर्मी पड़ने की आशंकाए जताई जाने लगी है। भीषण गर्मी से दोपहर को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों में सन्नाटा पसरने लगा है। शाम होने के बाद ही चहल-पहल हो पा रही है।



### व्रत-त्यौहारों का क्रम

इस माह सौभाग्यवती महिलाएं पति के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना लिए वट सावित्री पर्व मनाएगी। इस दिन कठिन निर्जला व्रत रखकर वट वृक्ष बरगद के नीचे एकत्र होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर वट वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधकर मंगल कामनाएं करेंगी। अंचल में ऐसी मान्यताएं भी है कि जेठ माह में घर-परिवार में जेष्ठ पुत्र-पुत्री का मांगलिक आयोजन नहीं किया जाता। ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले प्रमुख व्रत त्यौहारों में 23 को अपरा जलक्रीडा एकादशी, 26 को वट सावित्री व्रत सोमवती अमावस्या, 27 मई को शनि जयंती, 4 जून महेश नवमी, 5 जून गंगा दशहरा, 6 जून भीमसेनी एकादशी ? जून निर्जला एकादशी, 8 जून प्रदोष व्रत, 11 जून स्नान दान पूर्णिमा पर्व है।

### 25 मई से 2 जून तक नौतपा

जेष्ठ माह में ही 25 मई से ही नौतपा लगेगा, जो 2 जून तक चलेगा। ऐसी मान्यताएं है कि नौतपा के दौरान जितनी अधिक गर्मी होती है, उतना ही बेहतर बारिश होने की संभावना रहती है। इधर जेष्ठ माह शुरू होते ही अंचल के कई किसान खेतों में प्रारंभिक किसानी कार्य के लिए पहुंचने लगे हैं। इन दिनों खेतों की साफ सफाई सहित मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। बताया गया कि कई अक्ती पर्व से ही परंपरानुसार कृषि का प्रारंभिक कार्य प्रारंभ कर चुके हैं। आषाढ़ माह लगने से पूर्व ही अब ग्रामीण क्षेत्रों में लोग बारिश के मौसम हेतु पूर्व से ही व्यवस्थाओं में जुट गए हैं।

गौरव

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर झाल में तिरंगा यात्रा निकाली

### सेना के पराक्रम का किया यशोगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

भारतीय सेना द्वारा हाल ही में सफलतापूर्वक सम्पन्न किए गए ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धि पर ग्राम पंचायत झाल में शनिवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। गांव के मुख्य मार्गों से होकर निकली यह यात्रा देशभक्ति के जज्बे से सराबोर रही। ग्रामीणों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के गगनभेदी नारे लगाए।

तिरंगा यात्रा में जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय विशेष रूप से शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भारत की सेना हर चुनौती का डटकर सामना करने में सक्षम है। इस आयोजन के माध्यम से ग्रामवासियों ने न सिर्फ वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी, बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश भी दिया।

ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच सदस्य, स्कूली बच्चे, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी इस आयोजन को विशेष बना गई। यात्रा के समापन पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं भारत के सशस्त्र बलों की जयकार की गई। इस दौरान ग्राम पंचायत झाल की सरपंच खेमकली ललित साहू, उपसरपंच नंदकुमार साहू, शंकर साहू, नेहा कुर्रे, मोंगरा अनंत, उन्नति गोयल, दीपा साहू, कामेश्वरी साहू, पार्वती साहू, भागवत साहू, तिलक साहू, राजेन्द्र साहू, बिंदा साहू, मोहन साहू, केशव साहू, प्रेमलाल अनंत, सोनू साहू, जगदीश अनंत, साधराम साहू, गयाराम साहू, आनंद साहू, चंद्रिका साहू, कपिल साहू, छेदीलाल साहू, बलदू राम, जीवन साहू, एहू राम, दिलीप साहू, हगरु राम, भोला राम, रामकुमार साहू, कुमार गौटिया सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।




## बेरला में तिरंगा यात्रा निकली व किया भ्रमण




**बेरला।** बेरला नगर में गौरव पूर्वक पल पर कई स्थान होते हुए तिरंगा यात्रा निकला कर नगर भ्रमण किया गया। नगर के मुख्य मार्ग होते हुए बाजार चौक से नगर पंचायत परिसर कार्यालय में समापन हुआ। सभी नगरवासी का भागीदारी एवं सहयोग के साथ यात्रा को सफल बनाया। जिसमें प्रमुख रूप से बेरला नगर पंचायत अध्यक्ष विशाल राज देशलहरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष डोमेंद राजपूत, सभापति बलराम सिवारे, बल्लू यादव, यतीश द्विवेदी, पार्षदगण अंजनी पाटिल, उमा नेताम, भुनेश्वरी टंडन, लता वर्मा, मानक चतुर्वेदी, राजेश दुबे, लक्ष्मी शर्मा, तहसीलदार, सीएमओ लवकेश पैकरा, इंजि. मयंक राठौर, भाजपा कार्यकर्ता राजू साहू, साहिल गैंडे, चंदन कुर्रे, प्रवीण धुर्वे, राहुल ठाकुर, अजीत वर्मा, सुभाष सोनी, ओम साकार, खेमराज, अरमान, डहरिया समस्त जनप्रतिनिधि, कर्मचारी अधिकारी सहित महिला समूह की बहने एवम् आम जन मानस सम्मिलित हुआ।

### देश के सैनिकों का शौर्य हमारा गौरवः घुरूवा राम

**पिपरिया।** नगर पंचायत पिपरिया में पहलगाम हमले में आतंकवादियों द्वारा आम नागरिकों की निर्मम हत्या करने पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए तत्परता के साथ पाकिस्तानी आतंकियों के विरूद्व आपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकाने पर हमला कर आतंक के खिलाफ अभियान चलाया। जिसमें कुख्यात आतंकी धूलधुसित हो गए। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक विकसित और समृद्ध राष्ट्र है।



## रघुबीर सिन्हा बेरला सरपंच संघ के अध्यक्ष निर्वाचित

**बेमेतरा।** ग्राम पंचायत रेवे के सरपंच रघुवीर 'पिंटू' सिन्हा जनपद पंचायत बेरला सरपंच संघ का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बेमेतरा विधायक दिपेश साहू ने उन्हें बधाई दी । विधायक दीपेश साहू ने कहा की रघुवीर 'पिंटू' सिन्हा का सरपंच संघ के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होना उनकी मजबूत नेतृत्व क्षमता, निरंतर जनसेवा और कार्य के प्रति समर्पण का प्रमाण है। हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में सरपंच संघ और अधिक सक्रियता तथा प्रभावशीलता के साथ जनहित में कार्य करेगा।" उन्होंने आगे कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर मजबूत नेतृत्व ग्रामीण विकास की नींव होता है, और श्री सिन्हा का चयन निश्चित ही जनप्रतिनिधियों के बीच विश्वास और सम्मान का प्रतीक है। इस अवसर पर जनपद क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने भी श्री सिन्हा को अध्यक्ष निर्वाचित होने पर शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## गौसेवा आयोग अध्यक्ष पटेल की मुलाकात



**नवागढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल रविवार को नवागढ़ प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने नगर के वरिष्ठ नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से सौजन्य मुलाकात की। श्री पटेल ने गौसेवा से जुड़ी योजनाओं एवं सरकार की प्रतिबद्धताओं की जानकारी दी और लोगों से अधिक से अधिक सहयोग की अपील की। श्री पटेल ने कहा कि गौसेवा केवल धार्मिक कार्य नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का माध्यम भी है। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण दत्त दुबे एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

# स्कूलों में 2008 के सेटअप का पालन कराने मुख्यमंत्री से दखल देने की मांग

- यक्ष प्रश्न, पांच कक्षा को दो शिक्षक कैसे पढ़ाएंगे?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से वर्तमान में त्रुटिपूर्ण निर्देश के अनुसार जारी युक्तियुक्तकरण में दखल देकर स्कूलों में 2008 के सेटअप का पालन कराने की मांग किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि युक्तियुक्तकरण के वर्तमान नियम में प्रत्येक शाला में एक शिक्षक का पद घटा दिया गया है, जिससे प्रदेश के सभी शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं में एक-एक शिक्षक कम हो जाएंगे। अब यहाँ यक्ष प्रश्न है कि प्राथमिक शाला में कक्षा एक से पांच तक के पांच कक्षाओं को केवल दो शिक्षक कैसे पढ़ाएंगे? युक्तियुक्तकरण की वर्तमान नीति में हायर सेकेंडरी स्कूलों में कामर्स विषय के भी एक-एक शिक्षक कम कर दिए गए हैं। कम शिक्षक होने से कक्षा संचालन भी संभव नहीं होगा, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। युक्तियुक्तकरण नीति को एकतरफा लागू किया जा रहा है, नीति के सम्बंध में विभाग द्वारा आपत्ति दावा भी नहीं लिया गया है। दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण नीति के चलते सामान्य व निम्न वर्ग के पालकों के बच्चे को उचित शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा। शिक्षा विभाग के शालाओं में पद का मूल आधार सेटअप होता है, अतः 2008 में जारी सेटअप का समुचित क्रियान्वयन किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए युक्तियुक्तकरण के दोषपूर्ण व विसंगतिपूर्ण बिंदुओं को शिक्षा विभाग अलग करें, जिसके बाद ही शिक्षकों की व्यवस्थापन के विषय में सोंचे। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मांग किया है कि शासन पहले अतिशेष शिक्षक के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करे, तत्पश्चात 2008 के सेटअप का शालाओ में पालन करते हुए प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षक, प्रधान पाठक प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक के पदों पर पदोन्नति किया जावे। उसके बाद अतिशेष शिक्षक की स्थिति निर्मित होने पर पारदर्शी प्रक्रिया के तहत युक्तियुक्तकरण किया जाए।

# उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा


बेमौसम बारिश के बाद भी लोगों को भीषण गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। आलम ये है कि बेमौसम बारिश के बाद मौसम साफ होते ही सुबह से ही भगवान भास्कर अपने प्रचण्ड बेग के साथ उदय हो रहे हैं और पूरे दिन चटख धूप लोगों का दम निकाल रही है।

इस भीषण तपिश के चलते अगर बारिश हो भी गई तो लोगों को फौरी तौर पर राहत मिल जाती है लेकिन उस लोगों को हलाकान और परेशान कर रही है। इस तरह की उमस भरी गर्मी का लोगों की सेहद पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है और वे कई प्रकार की समस्याओं का सामना करने मजबूर हो रहे हैं। इस उमस भरी गर्मी में लोगों को न तो पंखा कूलर से राहत मिल पा रही है और न ही एसी भी सुकून दे पा रहे हैं।

भी उमस भरी गर्मी में सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हो रही है जो घरों में या फिर दफ्तरों में काम करते हैं। उस पर अंचल की खस्ताहाल विद्युत व्यवस्था लोगों की समस्या को और ज्यादा बढ़ाती नगर आ रही है।

इन विपरीत हालातों में कुल मिलाकर माना जा रहा है कि जब तक मानसून सक्रिय नहीं होता लोगों को इसी तरह से मौसम की मार झेलनी पड़ सकती है।

## लोगों का मनमोह रहे कमल पुष्प...



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कुआंमालगी के तालाब में भीषण गर्मी के इस दौर में खिले कमल बरबस ही लोगों का न सिर्फ ध्यान खींच रहें बल्कि विशाल तालाब में फैली यह हरियाली और उस पर खिले सफेद कमल के सुंदर व मनमोहक फूल लोगों की आंखों को सुकून दे रहे हैं।

कवर्धा के आदर्श नगर में धर्म विशेष की प्रार्थना सभा में भारी हंगामा

# वनांचल से लेकर कवर्धा तक में चल रहा धर्मांतरण का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



लगातार की शिकवा शिकायतों के बाद भी धर्मांतरण के मुद्दे पर मूक दर्शक बने बैठे शासन-प्रशासन की ढुलमुल कार्यप्रणाली के चलते जिले के वनांचलों से लेकर जिला मुख्यालय कवर्धा तक खुलेआम धर्मांतरण का खेल चल रहा है। जिसे लेकर जिला मुख्यालय कवर्धा के आदर्श नगर में रविवार को भारी हंगामा, वाद विवाद तथा झूमा झटकी की स्थिति देखने को मिली। हालांकि घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया और मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर अब पूछताछ व जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को जिला मुख्यालय कवर्धा के आदर्श नगर में उस समय हंमागा खड़ा हो गया जब यहां के एक मकान में धर्म विशेष की प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा था। आरोप है कि ग्राम तारो में संचालित एक निजी स्कूल के संचालक और उसके परिजनो द्वारा आदर्श नगर कवर्धा के एक मकान में धर्म सभा के नाम पर बाहर से आए बैगा आदिवासियों का धर्मांतरण कराया जा रहा था। जिसकी भनक लगते ही बड़ी संख्या में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ता, पदाधिकारी तथा मोहल्लेवासी मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों के बीच जमकर वाद विवाद तथा झूमा झटकी शुरू हो गई। बाद में घटना की जानकारी कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए सूचना पाकर बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और दोनो पक्षों को समझाईश दी गई। वहीं विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल तथा मोहल्लेवासियों की शिकायत पर पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है और अब इनसे पूछताछ तथा मामले की जांच की जा रही है।

### जांच के बाद कार्यवाही

आदर्श नगर स्थित एक मकान में एक धर्म विशेष द्वारा धर्म सभा कराए जाने तथा लोगों का गलत तरीके से धर्मांतरण जाने की शिकायत मिली थी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और यहां शिकायत के आधार पर कार्यवाही करते हुए लोगों से पूछताछ तथा मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुष्पेंद्र बघेल, एएसपी कवर्धा

